एक नजर में

भोजशाला में शंकराचार्य ने की वाग्देवी की पूजा
बोले– न्यायालय के निर्देश से सनातन की विजय

धार। काशी सुमेरु पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रचंद्र सरस्वती महाराज ने ऐतिहासिक भोजशाला में अपने प्रमुख सहयोगियों के साथ मां सरस्वती (वाग्देवी) के दर्शन-पूजन किए और हवन में आहुति दी। काशी विश्वनाथ धाम, वाराणसी से पधारे पूज्य महाराज श्री के साथ पूर्व राज्य मंत्री (दर्जा प्राप्त) पं.योगेंद्र महंत, महाराज जी के सचिव प्रिंसिपाल टोगिया सहित धर्मप्राण और प्रबुद्ध जन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। पूजन के उपरांत पत्रकारों से चर्चा करते हुए शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रचंद्र सरस्वती जी महाराज ने सनातन धर्म की महत्ता, भोजशाला के गौरव और वर्तमान परिदृश्य पर अपने विचार साझा किए। ज्ञान और साधना की ऐतिहासिक स्थली है भोजशाला शंकराचार्य जी ने कहा कि भारत हमेशा से पूरी दुनिया को शांति, सद्भाव और एकात्मता का संदेश देता रहा है। राजा भोज द्वारा स्थापित यह भोजशाला केवल एक संरचना नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की महान ज्ञानस्थली और साधना स्थली है। प्राचीन काल से ही यह स्थान हमारे बालक-बालिकाओं के लिए उच्च अध्ययन का प्रमुख केंद्र रहा है। उन्होंने वसंत पंचमी के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, वसंत पंचमी मां सरस्वती का प्राकट्य दिवस है। ऐसी मान्यता है कि इस पावन स्थल पर यदि माताएं-बहनें आकर मां सरस्वती का पूजन करती हैं और यज्ञ में आहुति देती हैं, तो उनकी बुद्धि शुद्ध, सात्विक और विकृतियों से मुक्त होती है। श्रद्धापूर्वक की गई इस पूजा से जन्मो-जन्मांतर तक मां सरस्वती की कृपा बनी रहती है। न्यायालय का निर्देश सनातन की विजय का आधार भोजशाला से जुड़े कानूनी और पुरातात्विक घटनाक्रमों पर बोलते हुए शंकराचार्य जी ने कहा कि माननीय न्यायालय का जो भी निर्देश आया है, वह सनातनियों की विजय का सुदृढ़ आधार है। जिस प्रकार अयोध्या में पुरातात्विक और ऐतिहासिक साक्ष्यों के आधार पर सत्य की विजय हुई, ठीक उसी प्रकार भोजशाला में भी साक्ष्यों के आधार पर सत्य की जीत सुनिश्चित मानी गई है। उन्होंने दृढ़ता से कहा- सनातन को कभी पराजित नहीं किया जा सकता। कुछ समय के लिए इसे परेशान अवश्य किया जा सकता है, परंतु अंततः विजय सत्य की ही होती है। भोजशाला के संबंध में आए निर्णयों ने इस बात को एक बार फिर पूरी दुनिया के सामने साबित कर दिया है। ग्रेनाइट की भव्य वाग्देवी प्रतिमा और गुरुकुल स्थापना की मांग शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रचंद्र सरस्वती महाराज ने भोजशाला के भविष्य को लेकर एक दूरदर्शी विज़न सामने रखा। उन्होंने मांग की कि यहाँ मां सरस्वती (वाग्देवी) की मूल प्रतिमा को पुनः सम्मानपूर्वक स्थापित किया जाना चाहिए। यदि किन्हीं कारणों से इसमें विलंब हो रहा है, तो तत्काल यहाँ ग्रेनाइट की एक विशाल और अत्यंत सुंदर मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की जाए। उन्होंने आगे कहा कि इस स्थान को सर्व समाज की शिक्षा का एक सशक्त केंद्र बनना चाहिए, जिससे एक सुशिक्षित और विकसित समाज का निर्माण हो सके। इन्हीं गुरुकुल परंपराओं को आधार मानकर हम देश की अस्मिता, चरित्र का विकास और आधुनिक नवयुवकों के सामने एक श्रेष्ठ आदर्श प्रस्तुत कर सकते हैं। शंकराचार्य जी ने अंत में विश्व कल्याण की कामना करते हुए कहा कि भारत के इन पवित्र केंद्रों के पुनरुद्धार से पूरी दुनिया में शांति आएगी।

किसान परेशान, बढ़ती कीमतों पर सरकार घिरी : शेखावत

अघोषित बिजली कटौती और महंगाई से जनता त्रस्त : विधायक भंवरसिंह शेखावत

बदनावर। विधायक भंवरसिंह शेखावत ने कहा कि ट्रिपल इंजन सरकार के नेतृत्व में किसान, युवा और आम जनता परेशान है। डीजल-पेट्रोल के दामों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों और आमजन को राहत देने में विफल साबित हो रही है।

विधायक भंवरसिंह शेखावत ने समर्थन मूल्य पर हो रही गेहूं खरीदी में भारी अव्यवस्था का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि खरीदी देर से शुरू हुई, किसानों को कई दिनों तक लाइन में खड़ा रहना पड़ा तथा कई केंद्रों पर तोल कांटों और मजदूरों की कमी रही।

भाजपा शासित राज्य 15 रुपये वैट कम कर जनता को राहत दें...

विधायक भंवरसिंह शेखावत ने कहा कि युद्ध का बहाना बनाकर सात दिनों में तीन बार डीजल-पेट्रोल के दाम बढ़ाए गए। अब जबकि युद्ध समाप्त हो चुका है तो कीमतें कम क्यों नहीं की जा रही हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण के बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा शासित राज्यों को 15 रुपये वैट कम कर जनता को राहत देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अगले एक महीने तक कीमतें बढ़ाकर जनता की आंखों में धूल झोंकने का काम करेगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि तीसगांव खरीदी केंद्र पर किसानों से तोल के नाम पर 2 से 4 हजार रुपए तक लिए जा रहे हैं। राशि नहीं देने वाले किसानों का गेहूं रिजेक्ट किया जा रहा है। विधायक ने गेहूं खरीदी की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग भी की।

डीजल-पेट्रोल के दामों में बढ़ोतरी पर सरकार पर निशाना

गांवों में अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान-

स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता को लूटा जा रहा — विधायक शेखावत- विधायक भंवरसिंह शेखावत ने ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती पर विद्युत विभाग को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के बीच रात में बिजली कटौती से ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग के पास ट्रांसफार्मरों में ऑयल डालने तक के पैसे नहीं हैं तथा स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता को लूटने का काम किया जा रहा है। विधायक ने तत्काल बिजली कटौती बंद करने की मांग की। नीट परीक्षार्थियों और युवाओं के भविष्य से हो रहा खिलवाड़ है।

युवाओं में सरकार के प्रति भारी असंतोष : विधायक शेखावत

बदनावर। विधायक भंवरसिंह शेखावत ने कहा कि नीट परीक्षार्थी हताश हैं और छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं में सरकार के प्रति भारी असंतोष है। विधायक ने काकरोच जनता पाटी के संदर्भ में कहा कि पार्टी बने या न बने, लेकिन इस आंदोलन ने देश के नेताओं की नींद उड़ा दी है और यह युवाओं के असंतोष का बड़ा संकेत है। जनता को जागने का समय आ गया — विधायक शेखावत महंगाई से परेशान जनता सड़कों पर उतर सकती है बदनावर। विधायक भंवरसिंह शेखावत ने कहा कि जनता को अब जागने का समय आ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई के नाम पर सरकार जनता की जेब पर डाका डाल रही है और आमजन आर्थिक रूप से परेशान हैं। उन्होंने आशंका जताई कि यदि स्थिति नहीं सुधरी तो नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसी परिस्थितियां बन सकती हैं तथा जनता सड़कों पर उतर सकती है। पत्रकार वार्ता में जिला पंचायत सदस्य अशोक डावर, निर्देश सोनगरा, महेश पाटीदार, देवपालसिंह जादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कामदार के युकां अध्यक्ष बनने से पार्टी में नई ऊर्जा का संचार...

धार निप्र। धार जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहित कामदार का जन्मदिन ग्राम अन्तराय में सैकड़ों की संख्या में युवक कांग्रेस साथियों ने हर्षोल्लास से मनाया.

रोहित कामदार के प्रथम आगमन पर सर्वप्रथम ग्राम वासियों ने पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठजन एवं सैकड़ों की संख्या में युवक कांग्रेस के जांबाज कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर केक काटकर उपस्थित नागरिकों ने रोहित कामदार को जन्मदिन की बधाई दी मंच पर अनेक वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि रोहित कामदार जब से युवक कांग्रेस के अध्यक्ष बने हैं पूरे जिले में युवा कांग्रेस संगठन मजबूत हुआ है और पार्टी में ऊर्जा का संचार हुआ है इस अवसर पर रोहित कामदार में संबोधित करते हुए कहा वर्तमान की भाजपा सरकार किसान एवं युवा विरोधी होकर देश को गर्त में ले जा रही है बेहतासा महंगाई ने आम जनता की कमर को तोड़ दिया है। अनेक किसान वा युवा आत्महत्या करने के लिए मजबूर है हाल ही में खाद एवं डीजल पेट्रोल की मूल्य वृद्धि में आदमी को झनझोड़ दिया है हम सब मिलकर इस अराजक सरकार के खिलाफ युवाओं की ताकत में ताकत मिलकर लड़ेंगे समाज और देश के निर्माण के लिए मैं लगातार कार्य करूंगा। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि इस क्षेत्र से अनेक ऊर्जावान युवा साथियों को संगठन में जोड़कर पार्टी की मुख्य धारा में लाएगे जनता की सेवा ही मेरा प्रथम लक्ष्य है मैं अपनी आखिरी सांस तक आमजन के साथ कंधे से कंधा मिलकर जनसेवा के लिए हमेशा खड़ा रहूंगा संचालन युवक कांग्रेस नेता शहजाद पटेल अंतराल द्वारा किया गया एवं आभार जनसमस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव शुभम सोलंकी ने माना।

शिविर में खिलाड़ियों को दूध और केले बांटे

धार। डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स कल्चर सोसायटी के तत्वाधान में आयोजित 36वें ग्रीष्मकालीन शिविर में प्रतिदिन खिलाड़ियों को विभिन्न खेल एवं शारीरिक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में क्रिकेट, कराटे, किकबॉक्सिंग, फुटबॉल, ताइक्कांडो, फिजिकल एक्टिविटी एवं फिटनेस ट्रेनिंग नियमित रूप से करवाई जा रही है।

मुख्य अतिथि नंदकिशोर शर्मा एवं राजेंद्र राठौर उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को दूध एवं केले वितरित किए गए तथा बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। संस्था के प्रमुख प्रदीप जोशी ने बताया कि शिविर में खिलाड़ियों के साथ कोच राम सोलंकी, विजय सोलंकी, अनुरुद्ध चावड़ा, कुलदीप राजपूत एवं डिंपल परमार लगातार प्रशिक्षण दे रहे हैं। शिविर के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं खेल भावना का विकास हो रहा है।

खिलाड़ियों के स्वास्थ्य एवं ऊर्जा को ध्यान में रखते हुए सोसायटी द्वारा प्रतिदिन पौष्टिक आहार भी उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को फिटनेस एवं खेलों के महत्व की जानकारी दी जा रही है। शिविर में विभिन्न संस्थाओं के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

पातालपानी मार्ग पर अवैध लकड़ी परिवहन करते ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी

इंदौर. चोरड़िया से पातालपानी मार्ग पर वन विभाग की टीम ने अवैध रूप से नीम और बबूल की लकड़ी ले जा रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा है. आरोपी परिवहन को वैध बताने के लिए लकड़ी को श्मशान ले जाने की बात कह रहा था, लेकिन दस्तावेज नहीं दिखा सका. जानकारी के अनुसार कार्रवाई के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली में बड़ी मात्रा में जलाऊ लकड़ी भरी मिली. जांच में परिवहन अवैध पाया, जिसके बाद वाहन को जब्त कर आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई. मामले में आगे जांच जारी है.

उण्डवा नदी में श्रमदान कर दिया पानी बचाने का संदेश

सरदारपुर। दसई जन अभियान परिषद मध्य प्रदेश शासन के आह्वान पर नवअंकुर संस्था मां जयंती धाम सेवा समिति दसई द्वारा गंगा दशहरा के पावन अवसर पर दसई-लाबरीया रोड स्थित उण्डवा नदी मैं पर्यावरण प्रेमी मित्रों द्वारा 3 घंटे का श्रमदान किया एक ट्राली से अधिक प्लास्टिक डिस्पोजल फटे टूटे कपड़े निर्माल्य कचरा आदि गंदगी निकलकर सफाई की स्वच्छता अभियान आगामी एक सप्ताह तक जल सरक्षण पर्यावरण संरक्षण कार्य मे प्रतिदिन नदी में श्रमदान करेंगे ताकी हमारे जल श्रोत सदा निरा बने।

संस्था के संस्थापक रामकरण पटेल अध्यक्ष सुरेश भूत ने पर्यावरण संगोष्ठी में कहां की पर्यावरण प्रेमी मित्रों ने पिछले 25 वर्षों से मा जयंती एवं श्री उण्डेश्वर धाम के एक बड़े पथरीली भूमि परिसर क्षेत्र में एक लाख से भी अधिक पौधे लगाकर पेड़ बनाने का कार्य कर बहुत बड़े पुण्य का कार्य किया है समिति द्वारा हरियाली लावो जल बचाओ जनसंदेश रजत जयंती वर्ष मनाया जा रहा है जिसके तहत उण्डवा नदी को सदानीरा बनाने के लिए पर्यावरण प्रेम मित्रों ने 24 किलोमीटर परिक्रमा सर्वेक्षण पदयात्रा निकाली गई आम जनता के लिए समिति द्वारा ठंडे पानी पीने की प्याऊ व्यवस्था बड़े स्तर पर की गई पूरे परिसर क्षेत्र में पेड़ पौधों की साफ सफाई एवं पूजा की गई उण्डवा नदी स्वच्छता अभियान में समिति के दशरथ श्यामभानेज ,गोपाल भालोड , निलेश गांधी, बगदीराम डावर, शिवनारायण पाटीदार, गोपाल जीवाहरचंद सहित दसई पदमपुरा जयंतीमाता हनुमंतिया चिराखान ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यो ने श्रमदान किया जल स्रोतों को सदानीरा बनाए रखने का संकल्प लिया।

माही तट पर श्रमदान-स्वच्छता संकल्प आयोजन

सरदारपुर। गंगा दशहरा के पावन पर्व के अवसर पर सरदारपुर विकासखंड में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत एक प्रेरणादायी स्वच्छता एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, ष्टस्ष्टष्ठक्क विद्यार्थियों, नवांकुर संस्थाओं, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों तथा नगर परिषद सरदारपुर के प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

मां माही एवं महेंद्र तनया के पवित्र तट पर आयोजित इस कार्यक्रम में सामूहिक श्रमदान कर व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर नगर परिषद सरदारपुर के सीएमओ यशवंत शुक्ला परिषद स्टाफ, वार्ड सदस्यों सहित जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक कमल मेडा, परामर्शदाता विरेन्द्रसिंह राणावत, आदित्य वैष्णव, रामा भूरिया एवं कमलेश मावी ने विशेष सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में राजगढ़ रोटरी क्लब के कार्यकर्ताओं का भी सराहनीय योगदान रहा।

सफाई अभियान के उपरांत उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने हेतु अपने आसपास स्थित जल स्रोतों की नियमित सफाई, संरक्षण एवं स्वच्छता गतिविधियों में निरंतर सामूहिक सहयोग देने की शपथ ग्रहण की।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि जल संरक्षण केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। सामूहिक सहभागिता एवं जनजागरूकता से ही जल स्रोतों को संरक्षित कर आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखा जा सकता है।

सिमरोल में अवैध क्लीनिक पर दबिश संचालक पर एफआईआर दर्ज

महू. विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश सिंगोर की शिकायत पर सिमरोल थाना पुलिस ने एक अवैध क्लीनिक संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है.

शिकायत में बताया गया कि सिमरोल क्षेत्र में संचालित जय गुरुदेव क्लीनिक का संचालन बिना वैध पंजीयन के किया जा रहा था तथा वहां एलोपैथिक पद्धति से मरीजों का इलाज किया जा रहा था. स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया. जांच के दौरान क्लीनिक में करीब पांच बेड लगे पाए गए तथा विभिन्न प्रकार की एलोपैथिक दवाइयां भी मिलीं, जिनका पंचनामा बनाकर जब्ती की कार्रवाई की गई. शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि क्लीनिक संचालक सुंदरलाल बामनिया बिना अधिकृत डिग्री और पंजीयन के अस्पताल का संचालन कर रहा था. स्वास्थ्य विभाग ने इसे मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ बताते हुए मध्यप्रदेश आयुर्वेदिक अधिनियम, उपचार गृह एवं रूग्णोपचार संबंधी स्थापना अधिनियम और बीएनएस की धारा 271 के तहत कार्रवाई की अनुशंसा की है. सिमरोल पुलिस ने आवेदन और जांच प्रतिवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है.

महिलाओं के लिए कलरिपयटू प्रशिक्षण 29 मई से

महू. महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से तीन दिवसीय कलरिपयट्टू प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है. यह शिविर 29, 30 और 31 मई 2026 को चंपा वाला बगीचा, प्लाटून रोड महू में प्रतिदिन सुबह 6.30 बजे से 9 बजे तक चलेगा.

प्रशिक्षण प्रसिद्ध कलरिपयट्टू गुरु डॉ. एस महेश गुरुक्कल के मार्गदर्शन में दिया जाएगा. उद्योग एवं संस्था धर्मा द्वारा विक्रम दुबे एंड एसोसिएट्स के माध्यम से आयोजित इस शिविर के आयोजकों के अनुसार, कलरिपयट्टू भारत की एक प्राचीन युद्ध कला है, जिसे विश्व की कई मार्शल आर्ट्स की जननी माना जाता है. वर्तमान समय में महिलाओं की सुरक्षा और आत्मविश्वास को ध्यान में रखते हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. शिविर में प्रतिभागियों को आत्मरक्षा के साथ-साथ शारीरिक फिटनेस, मानसिक मजबूती, एकाग्रता और आत्मबल बढ़ाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा.

एक नजर में

धार के कलाकारों का दिल्ली में जनजाति सांस्कृतिक प्रस्तुति कार्यक्रम

देशभर के जनजातीय प्रतिनिधि और कलाकारों ने दी लोककला की अद्भुत प्रस्तुति

नवभारत न्यूज

धार। नई दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला मैदान में जनजाति सुरक्षा मंच एवं जनजाति जागृति समिति द्वारा आयोजित भव्य जनजाति सांस्कृतिक समागम कार्यक्रम में देशभर से आए जनजातीय प्रतिनिधियों, कलाकारों एवं समाजजनों ने अपनी संस्कृति, परंपरा एवं लोककला की अद्भुत छटा प्रस्तुत की। कार्यक्रम केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस गौरवपूर्ण आयोजन में जनजाति मोर्चा मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पंकज टेकाम जी के नेतृत्व में धर्मपुरी विधानसभा के लोकप्रिय विधायक ने भी सहभागिता करते हुए धर्मपुरी विधानसभा के जनजाति समाज का प्रतिनिधित्व किया। कार्यक्रम के दौरान देश की विविध जनजातीय संस्कृतियों, परंपराओं एवं लोक जीवन को एक मंच पर देखने का अवसर मिला, जिसने एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को साकार किया। विधायक कालू सिंह ठाकुर लगातार धर्मपुरी विधानसभा के जनजातीय क्षेत्रों में विकास एवं उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। शिक्षा, पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य, सिंचाई एवं सामाजिक योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे, इसके लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। जनजातीय युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण हेतु भी विधायक द्वारा कई महत्वपूर्ण पहल की जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा जनजातीय समाज के सम्मान, अधिकार एवं सांस्कृतिक संरक्षण को लेकर ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं। आज देशभर में जनजातीय समाज को नई पहचान, सम्मान और विकास की नई दिशा मिल रही है। जनप्रतिनिधियों एवं समाजजनों ने कहा कि जनजातीय संस्कृति भारत की आत्मा है और इसके संरक्षण एवं उत्थान के लिए सरकार एवं समाज दोनों को मिलकर कार्य करना होगा।